2016

HINDI

(Major)

Paper : 5.6

(Hindi Alochana Evam Pramukh Alochak)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) हिन्दी साहित्य में 'आलोचना' के समानांतर प्रचलित दो शब्द लिखिए।

(ख) आलोचना में 'व्याख्या' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ग) आलोचक रामचंद्र शुक्ल की किसी एक प्रसिद्ध आलोचना कृति का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी जी की आलोचना के प्रमुख विषय का उल्लेख कीजिए।

(ङ) नंददुलारे बाजपेयी जी किस प्रकार के समीक्षक के रूप में प्रतिष्ठित हैं?

(च) डॉ० रामविलास शर्मा किस विचारधारा के आलोचक हैं?

(छ) डॉ० नगेन्द्र को प्रभावित करने वाले किसी एक पाश्चात्य समीक्षक का नामोल्लेख कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) आलोचना के किन्हीं दो प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(ख) शुक्ल के अतिरिक्त शुक्ल-युगीन किन्हीं दो प्रमुख आलोचकों के नामों का उल्लेख कीजिए।

(ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी की किन्हीं दो प्रसिद्ध आलोचना कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) नंददुलारे बाजपेयी की आलोचना शैली की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) आलोचना में 'मूल्यांकन' के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'आत्मप्रधान या प्रभाववादी आलोचना' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) आलोचक के गुणों के बारे में लिखिए।

(घ) हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में आचार्य रामचंद्र शुक्ल की देन पर विचार कीजिए।

(ङ) छायावाद के संदर्भ में आचार्य नंददुलारे बाजपेयी जी की क्या मान्यता है?

4. हिन्दी आलोचना के उद्‌भव और विकास पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। 10

अथवा

हिन्दी आलोचना साहित्य में शुक्ल का स्थान निर्धारित कीजिए।

5. आलोचक के रूप में हजारी प्रसाद द्विवेदी जी की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 10

अथवा

आलोचक के रूप में नंददुलारे बाजपेयी जी का मूल्यांकन कीजिए।

6. डॉ० रामविलास शर्मा की आलोचना दृष्टि पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में डॉ० नगेन्द्र की देन पर प्रकाश डालिए।

★★★